श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 76, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 21 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# जब तक वैक्सीन नहीं आती, तब तक कोरोना से जंग जारी रहेगी : पीएम मोदी

## पीएम नरेंद्र मोदी का देश के नाम संबोधन

**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** त्योहारी मौसम और ठंड के साथ बढ़ते प्रदूषण में कोरोना संक्रमण की आशंका के बावजूद बेखौफ और बेपरवाह होते लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सचेत कर दिया है। देश के नाम संबोधन में मंगलवार को उन्होंने अमेरिका, ब्राजील और यूरोपीय देशों का हवाला देते हुए सचेत किया कि तब तक निश्चिंत नहीं होना है जब तक कोरोना की वैक्सीन या दवा न आ जाए। उन्होंने कहा- 'जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं।'




प्रधानमंत्री के संबोधन को लेकर सुबह से देश की नजरें टिकी थीं। तरह तरह की अटकलों का बाजार भी गर्म था। लेकिन प्रधानमंत्री ने खुद को कोरोना के प्रति जागरुकता तक सीमित रखा। ध्यान रहे कि कुछ दिन पहले ही सरकार के स्तर पर जागरुकता अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत 95 करोड़ लोगों तक पहुंचने की योजना है।

संभवतः इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने छोटा लेकिन अहम संदेश देते हुए कहा- हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि लॉकडाउन भले ही चला गया हो, लेकिन वायरस नही गया है। कई वीडियो में दिखता है कि लोगों ने सतर्कता कम कर दी है जो परिवार के लिए खतरा है।' कांग्रेस नेताओं की ओर से लग रहे आरोपों का परोक्ष जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने आंकड़ों के सहारे कहा कि भारत में प्रति 10 लाख लोगों में पांच हजार लोगों को कोरोना हुआ है, जबकि अमेरिका और ब्राजील जैसे देशो में 25 हजार है। भारत में प्रति 10 लाख लोगों में 83 मृत्यु हुई है। जबकि अमेरिका ब्राजील ब्रिटेन जैसे देशों में यह 600 के पास है।

कई सुविधा संपन्न देशों की तुलना में भारत ज्यादा-से ज्यादा लोगों को बचाने में सफल रहा है। अभी भी देश में 90 लाख से अधिक बेड की सुविधा उपलब्ध है। वैक्सीन पर देश विदेश में बहुत काम हो रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वैक्सीन जब भी आएगी, प्रत्येक भारतीय तक पुहंचगी। इसकी तैयारी जारी है। लेकिन उससे पहले सावधानी जरूरी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही हमारी गति को रोक सकती है, हमारी खुशियों को धूमिल कर सकती है। जीवन की ज़िम्मेदारियों को निभाना और सतर्कता ये दोनो साथ साथ चलेंगे तभी जीवन में खुशियाँ बनी रहेंगी। दो गज की दूरी, समय-समय पर साबुन से हाथ धुलना और मास्क का ध्यान रखिए।

दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अक्सर अपने ट्वीट में आंकड़े पेश करते हैं। प्रधानमंत्री ने भी आंकड़ा दे दिया। वहीं दो दिन पहले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पाकिस्तान से कहा था कि पाकिस्तान में भारत के मुकाबले ज्यादा अच्छा कोरोना प्रबंधन हुआ है।

कोरोना के संकट को कम मानकर लापरवाही करने वालों को समझाते हुए पीएम मोदी ने रामचरित मानस की एक पंक्ति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'रिपु रुज पावक पाप, प्रभु अहि गनिअ न छोट करि।' यह पंक्ति अरण्यकांड की है। इसमें बताया गया है कि शत्रु, रोग, अग्नि और पाप को कभी कम नहीं आंकना चाहिए। जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

ध्यान रहे कि बहुत जल्द प्रधानमंत्री बिहार विधानसभा चुनाव के लिए उतरने वाले हैं। बिहार से खासकर ऐसे वीडियो सामने आ रहे हैं, जहां चुनावी उत्साह में लोग कोरोना से बचाव के तौर तरीकों को ताक पर रख रहे हैं। लापरवाही को लेकर वैज्ञानिकों की ओर से भी आगाह किया गया है। हालांकि यह उत्साहवर्द्धक है कि मंगलवार को पिछले तीन महीने में पहली बार देश का प्रतिदिन कोरोना आंकड़ा घटकर 50 हजार के पास पहुंच गया है। लेकिन इसके कारण होने वाली लापरवाही बहुत भारी पड़ सकती है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेवा परमो धर्मः के मंत्र पर चलते हुए हमारे डॉक्टर्स, नर्स, हेल्थ वर्कर्स इतनी बड़ी आबादी की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। इन सभी प्रयासों के बीच, ये समय लापरवाह होने का नहीं है। ये समय ये मान लेने का नहीं है कि कोरोना चला गया, या फिर अब कोरोना से कोई खतरा नहीं है। हाल के दिनों में हम सबने बहुत सी तस्वीरें, वीडियो देखे हैं जिनमें साफ दिखता है कि कई लोगों ने अब सावधानी बरतना बंद कर दिया है। ये ठीक नहीं है

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की 10 बड़ी बातें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार की शाम को राष्ट्र को संबोधित किया। दोपहर लगभग एक बजे पीएम मोदी ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर इसके बारे में जानकारी दी। कोरोना महामारी शुरू होने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता कर्फ्यू का ऐलान किया था, उसके बाद लॉकडाउन की घोषणा की थी। फिर उन्होंने अनलॉक की भी घोषणा की। अब चीजें धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं। पीएम मोदी ने सबसे पहले 19 मार्च को देश को संबोधित किया था। इसी दिन उन्होंने जनता कर्फ्यू का ऐलान किया था। इसके बाद 24 मार्च को राष्ट्रीय संबोधन हुआ। पीएम मोदी ने 24 मार्च को 21 दिन के लॉकडाउन की घोषणा की थी। फिर 3 अप्रैल को उन्होंने देश को संबोधित किया और कोरोना वॉरियर्स के लिए रात के 9 बजे 9 मिनट दीया जलाने की अपील की थी। इसके बाद 14 अप्रैल को पीएम मोदी ने 19 दिन के लॉकडाउन 2.0 का ऐलान किया था। मोदी 12 मई को भी देश के सामने आए और 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज का ऐलान किया था। इसके बाद 30 जून को पीएम मोदी ने देश को संबोधित करते हुए 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की योजना को बढ़ाने का ऐलान किया था।

1- समय के साथ आर्थिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। हम में से अधिकांश लोग, अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए, फिर से जीवन को गति देने के लिए, रोज घरों से बाहर निकल रहे हैं। त्योहारों के इस मौसम में बाजारों में भी रौनक धीरे-धीरे लौट रही है।

2- लेकिन हमें ये भूलना नहीं है कि लॉकडाउन भले चला गया हो, वायरस नहीं गया है। बीते 7-8 महीनों में, प्रत्येक भारतीय के प्रयास से, भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में हैं, हमें उसे बिगड़ने नहीं देना है। 3- आज देश में रिकवरी रेट अच्छी है, दुनिया के साधन-संपन्न देशों की तुलना में भारत अपने ज्यादा से ज्यादा नागरिकों का जीवन बचाने में सफल हो रहा है। कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में टेस्ट की बढ़ती संख्या हमारी एक बड़ी ताकत रही है। 4- सेवा परमो धर्मः के मंत्र पर चलते हुए हमारे doctors, nurses, helth workers इतनी बड़ी आबादी की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। इन सभी प्रयासों के बीच, ये समय लापरवाह होने का नहीं है। ये समय ये मान लेने का नहीं है कि कोरोना चला गया, या फिर अब कोरोना से कोई खतरा नहीं है। हाल के दिनों में हम सबने बहुत सी तस्वीरें, वीडियो देखे हैं जिनमें साफ दिखता है कि कई लोगों ने अब सावधानी बरतना बंद कर दिया है। ये ठीक नहीं है। 5- अगर आप लापरवाही बरत रहे हैं, बिना मास्क के बाहर निकल रहे हैं, तो आप अपने आप को, अपने परिवार को, अपने परिवार के बच्चों को, बुजुर्गों को उतने ही बड़े संकट में डाल रहे हैं। आप ध्यान रखिए, आज अमेरिका हो, या फिर यूरोप के दूसरे देश, इन देशों में कोरोना के मामले कम हो रहे थे, लेकिन अचानक से फिर बढ़ने लगे। 6- जब तक सफलता पूरी न मिल जाए, लापरवाही नहीं करनी चाहिए। जब तक इस महामारी की वैक्सीन नहीं आ जाती, हमें कोरोना से अपनी लड़ाई को कमजोर नहीं पड़ने देना है। 7- बरसों बाद हम ऐसा होता देख रहे हैं कि मानवता को बचाने के लिए युद्धस्तर पर काम हो रहा है। अनेक देश इसके लिए काम कर रहे हैं। हमारे देश के वैज्ञानिक भी फ्लूल्ली के लिए जी-जान से जुटे हैं। भारत में अभी कोरोना की कई वैक्सीन्स पर काम चल रहा है। इनमें से कुछ एडवान्स स्टेज पर हैं। आदि।

## आइसीएमआर ने कहा- कोरोना मरीजों की इलाज पद्धति से हटाई जा सकती है प्लाज्मा थेरेपी

**नई दिल्ली, एएनआइ।** कोरोना मरीजों की इलाज पद्धति से प्लाज्मा थेरेपी को हटाया जा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) की ओर से कराए गए एक अध्ययन में यह पाया गया है कि प्लाज्मा थेरेपी न तो कोरोना पीड़ितों में मौत के खतरे को कम करने में मददगार है और न ही किसी की हालत गंभीर होने से रोकने में। आइसीएमआर के महानिदेशक डॉ. बलराम भार्गव ने मंगलवार को कहा कि कोरोना मरीजों के इलाज के लिए बनी गाइडलाइन में से प्लाज्मा थेरेपी को हटाने पर विचार किया जा रहा है। कोरोना प्रबंधन पर गठित नेशनल टास्क फोर्स के साथ इस पर चर्चा चल रही है। उन्होंने इस सवाल पर यह बात कही कि मरीजों के इलाज में प्लाज्मा थेरेपी से किसी तरह का लाभ नहीं मिलने के बावजूद अस्पताल इसकी सिफारिश कर रहे हैं। आइसीएमआर के अध्ययन के अनुसार, देशभर के 39 सरकारी और निजी अस्पतालों में 22 अप्रैल से 14 जुलाई के दौरान कोरोना के इलाज में प्लाज्मा थेरेपी के प्रभाव पर गौर किया गया था। इन जगहों पर कुल 464 कोरोना संक्रमित रोगियों पर किए गए शोध के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। इन रोगियों में से 235 को प्लाज्मा थेरेपी दी गई थी, जबकि बाकी मरीजों का सिर्फ मानक के तहत उपचार किया गया था।

# मालाबार अभ्यास से डरा हुआ है ड्रैगन

**नई दिल्ली (ऑनलाइन डेस्क)।** क्वाड देशों के सदस्यों के बीच होने वाला मालाबार अभ्यास इस बार और खास होने वाला है। इसकी वजह ये है कि इस बार इसमें जापान के अलावा आस्ट्रेलिया भी शामिल होने वाला है। आस्ट्रेलिया को इसमें शामिल करने पर काफी समय से चर्चा चल रही थी लेकिन अब इस पर सभी देशों की सहमति बन गई है। मालाबार अभ्यास में अब से पहले अमेरिका और भारत शामिल होते रहे थे। इसके बाद इसमें जापान शामिल हुआ और अब आस्ट्रेलिया के शामिल होने से इसकी ताकत और बढ़ जाएगी।

आपको बता दें कि हाल ही में क्वाड की टोक्यो में बेहद खास बैठक हुई थी जिसमें सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया था। इसी बैठक में आस्ट्रेलिया को इसमें शामिल करने पर मुहर लगी थी। इस बार मालाबार अभ्यास नवंबर में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के बीच होगा। ये अभ्यास जहां इन देशों की एकजुट हुई शक्ति को दिखाएगा बल्कि चीन के लिए ये कहीं न कहीं परेशानी का सबब भी बनने वाला है। इसबार होने वाला अभ्यास इसका 24वां एडिशन होगा। आपको बता दें कि चीन पहले ही क्वाड और इस तरह के अभ्यास के खिलाफ है। चीन का कहना है कि ये संगठन उसके खिलाफ बना है जबकि वो किसी भी देश के खिलाफ नहीं है।



गौरतलब है कि 1992 में भारत-अमेरिका के बीच नौसेना के साझा युद्ध अभ्यास को लेकर एक समझौता हुआ था। उस वक्त अमेरिका और रूस के बीच वर्षों तक चला शीतयुद्ध खत्म हो चुका था। ये अभ्यास मई में हुआ था। क्योंकि ये अभ्यास भारत के दक्षिणी राज्य केरल के मालाबार में हुआ था इसलिए इसको मालाबार एक्सरसाइज या मालाबार अभ्यास का नाम दिया गया था। उस वक्त कहा जाता था कि सोवियत संघ के विघटन के बाद भारत अमेरिका से नजदीकी बनाना चाहता है। 1998 तक इसके तीन अभ्यास हुए थे। बाद में अमेरिका ने भारत के परमाणु कार्यक्रम से नाराज होकर इसको सस्पेंड कर दिया था। अमेरिका में 9/11 हमले के बाद अमेरिका के रुख में बदलाव आया और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने भारत से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देने की पेशकश की। इसके बाद एक बार फिर से दोनों देशों के बीच रिश्ते परवान चढ़े और इसकी दोबारा शुरूआत हुई।

वर्ष 2007 में बंगाल की खाड़ी में आयोजित मालाबार नौसेनिक अभ्यास पर चीन ने आपत्ति जाहिर की थी क्योंकि इसमें भारत, अमेरिका और जापान के अलावा सिंगापुर-ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेने वाले थे। ये दोनों ही अस्थाई सदस्य थे। चीन के दबाव में ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम समय में इस अभ्यास में आने से मना कर दिया। 2015 में जापान इसका हिस्सा बना। यह सालाना अभ्यास 2018 में फिलीपींस के समुद्री इलाके गुआम तट और 2019 में जापान के ससेबो शहर के समीप पश्चिमी प्रशांत महासागर में हुआ था। इस बार का ये युद्धाभ्यास समुद्र में बिना संपर्क विषय पर केंद्रित है। इस अभ्यास से मित्र देशों की नौसेना के बीच समन्वय मजबूत होगा। जहां तक क्वाड की बात है तो आपको बता दें कि इसको बनाने की पहल 2017 में मनीला में आसियान शिखर सम्मेल के दौरान हुई थी जब चारों देशों के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों ने इसमें अपने देशों की अगुवाई की थी। लेकिन चारों देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक पिछले साल ही न्यूयार्क में हुई थी।

# अब प्री-प्राइमरी से ही स्कूली बच्चों को मिलेगा नाश्ता और खाना

## अभी सिर्फ पहली से आठवीं तक के बच्चों को मिलता है सिर्फ दोपहर का खाना

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** स्कूली बच्चों को अब पोषण की कमी से नहीं जूझना होगा। केंद्र ने मिड-डे मील स्कीम के तहत स्कूली बच्चों को नाश्ता उपलब्ध कराने की तैयारी तेज कर दी है। साथ ही इसके दायरे को भी विस्तार देने की योजना को आगे बढ़ाया है। इसके तहत स्कूलों में अब प्री-प्राइमरी से ही बच्चों को नाश्ता और खाना मिलेगा। अभी इस स्कीम में सिर्फ पहली से आठवीं तक के बच्चे ही शामिल है। जिन्हें सिर्फ दोपहर का भोजन ही दिया जाता है। इसके साथ ही पूरी योजना की नए सिरे से समीक्षा भी की जाएगी।



इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मिड-डे मील योजना से जुड़े इन सभी बदलावों को लेकर तेजी से काम शुरू किया है। सभी राज्यों से योजना को लेकर सुझाव देने को कहा है। साथ ही योजना के दायरे में प्री-प्राइमरी को शामिल करने और नाश्ता उपलब्ध कराने को लेकर भी राय मांगी है। जिसमें इस पर आने वाले खर्च के साथ पौष्टिक नाश्ते में क्या-क्या शामिल किया जा सकता है आदि जानकारी देने को कहा है।

मंत्रालय ने राज्यों के साथ मिड-डे मील को लेकर यह चर्चा तब शुरू की है, जब हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में स्कूलों बच्चों को पौष्टिक नाश्ता भी उपलब्ध कराने की सिफारिश की गई है। नीति का मानना है कि स्कूलों में अभी बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी आते है, जो सुबह का नाश्ता करके नहीं आते है। ऐसे में उन्हें नाश्ता दिया जाता है, तो उन्हें स्कूलों से जोड़ने और उनके पोषण स्तर को बढ़ाने में और मदद मिलेगी।

इसी तरह स्कूली शिक्षा के दायरे को बढ़ाकर इनमें प्री-प्राइमरी को भी शामिल करने की भी नीति ने सिफारिश की है। ऐसे में प्री-प्राइमरी के बच्चों को भी मिड-डे मील स्कीम से जोड़ने की पहल शुरू कर की गई है। स्कूली बच्चों के लिए शुरू की गई यह मिड-डे मील स्कीम फिलहाल पूरी तरह केंद्रीय मदद से संचालित है। राज्यों को सिर्फ भोजन बनाने पर आने वाले खर्च में ही हिस्सा देना होता है। मौजूदा समय में इस स्कीम के तहत देश के करीब 12 लाख स्कूलों के करीब 11.6 करोड़ बच्चों को दोपहर का खाना उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना संकट काल में जब स्कूल बंद थे, जो केंद्र ने राज्यों से स्कूली बच्चों को सीधे राशन या फिर नकद पैसा उपलब्ध कराया था।

# भारत में कोरोना वायरस के मामलों में बड़ी गिरावट बीते 24 घंटों में मौत का आंकड़ा भी घटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए उठाए जा रहे सख्त कदमों का असर दिखाई दे रहा है। बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या में बड़ी गिरावट देखने को मिली है, साथ ही मौत का आंकड़ा भी काफी नीचे आ गया है। बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के सिर्फ 46,791 नए मामले दर्ज किए गए हैं और 587 लोगों की मौत हुई है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक, कल यानि 19 अक्टूबर तक कोरोना वायरस के लिए कुल 9,61,16,771 सैंपल टेस्ट किए गए, जिनमें से 10,32,795 सैंपल सोमवार को टेस्ट किए गए।




कोरोना के खिलाफ जंग में भारत की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। नए मामले कम हो रहे हैं और ठीक होने वाले मरीज बढ़ रहे हैं। इनके बीच का दायरा भी बढ़ रहा है। सोमवार को नए मामलों से करीब 27 हजार अधिक मरीज ठीक हुए। 83 दिन बाद देश में एक दिन में 50 हजार से कम नए केस मिले हैं, जबकि लगातार दूसरे दिन मरने वालों की संख्या भी छह सौ से कम रही है। तीन महीने बाद रविवार को एक दिन में सबसे कम 574 मरीजों की मौत हुई थी।

पीटीआइ की तरफ से रात नौ बजे जारी टैली के मुताबिक, बीते 24 घंटों के दौरान 47,566 नए मामले सामने हैं और संक्रमितों का आंकड़ा 75.91 लाख हो गया है। इस दौरान 74,414 मरीज ठीक हुए हैं और 569 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही कोरोना को मात दे चुके लोगों की संख्या 67.26 लाख हो गई है, जबकि 1.15 लाख लोगों की इस महामारी से जान भी जा चुकी है। सक्रिय मामले 7.50 लाख रह गए हैं। 569 मौतों में सबसे अधिक महाराष्ट्र में 125, कर्नाटक में 64, बंगाल में 63, तमिलनाडु में 49, दिल्ली में 31 और केरल में 21 मौतें शामिल हैं।

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक कुल संक्रमित 75.50 लाख हैं। जिनमें से 66.63 लाख लोग ठीक हो चुके हैं और 1.14 लाख लोगों की जान जा चुकी है। मरीजों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 88.26 फीसद और मृत्युदर घटकर 1.52 प्रतिशत पर आ गई है। संक्रमण की दर भी आठ फीसद से नीचे 7.94 प्रतिशत पर आ गई है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के आंकड़ों के मुताबिक देशभर में रविवार को नमूनों की जांच में कमी आई। 8,59,786 नमूनों की जांच की गई। इनको मिलाकर 18 अक्टूबर तक कुल 9.50 करोड़ सैंपल्स टेस्ट किए जा चुके थे।

महाराष्ट्र में संक्रमितों का आंकड़ा 16 लाख को पार कर गया है। लेकिन नए मामलों में बड़ी कमी आ रही है। इसके साथ ही तेलंगाना और गुजरात में भी नए मामले घटे हैं। महाराष्ट्र और तेलंगाना में कई हफ्तों के बाद सबसे कम क्रमशः 5,984 और 948 नए केस मिले हैं। जबकि, गुजरात में करीब तीन महीने बाद हजार से कम 996 नए मामले सामने आए हैं। इन राज्यों में कुल संक्रमितों की संख्या क्रमशः 16.01 लाख, 2.23 लाख और 1.60 लाख हो गई है।

बंगाल, केरल और कर्नाटक में संक्रमण में ज्यादा सुधार नहीं हो रहा है। बंगाल में तो रिकॉर्ड 3992 नए केस मिले हैं और कुल संक्रमित 3.25 लाख हो गए हैं। कर्नाटक में 5018 और केरल में 5022 नए केस मिले हैं और इन राज्यों में कुल मामलों की संख्या क्रमशः 7.70 लाख और 3.33 लाख हो गई है।

# केरल के पलक्कड़ में जहरीली शराब के सेवन से पांच लोगों की मौत, 9 अस्पताल में भर्ती

**पलक्कड़, एएनआइ।** केरल के पलक्कड़ में नकली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि नौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार, कथित रूप से शराब का सेवन करने के बाद यहां चेल्लानम आदिवासी कॉलोनी में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, बेचैनी बढ़ने के बाद तीन महिलाओं सहित नौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वालयार पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान रमन (52), अय्यप्पन (55), उनके बेटे अरुण (22), सिवन (45) और उनके भाई मूर्ति (33) के रूप में हुई। वालयार पुलिस ने बताया कि रमन का रविवार सुबह निधन हो गया और अंतिम आदिवासी परंपरा के अनुसार किया गया। पुलिस ने कहा कि अन्य लोगों ने भी शराब का सेवन किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रारंभिक जांच के अनुसार, सभी मौतें नकली शराब के संदिग्ध सेवन के कारण हुईं। हम मौतों के कारण का सटीक पता लगाने के लिए एक रासायनिक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस शराब में सैनिटाइजर मिलाए जाने की संभावना से भी इनकार नहीं कर रही है क्योंकि अस्पताल में भर्ती एक व्यक्ति ने कहा कि आपूर्ति की गई शराब का स्वाद साबुन की तरह था। इस घटना में कुल पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों में रमन का रविवार सुबह निधन हो गया जबकि अय्यप्पन की शाम को मौत हो गई। अन्य 3 लोगों की भी सोमवार को मौत हो गई। पहले इन सभी मौतों का प्राकृतिक मौत माना जा रहा था लेकिन कई लोगों की मौत के बाद शवों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया जिससे ये पता चला कि इन सभी लोगों की मौत नकली शराब के सेवन से हुई। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। इसके लिए वह फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की भी मदद ले रही है। पुलिस को घटनास्थल से शराब की कुछ खाली बोतलें भी मिली हैं।



# चार धाम बोर्ड के खिलाफ स्वामी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, पढ़ें

**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी चारधाम देवस्थान बोर्ड गठन मामले में उत्तराखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर उत्तराखंड हाईकोर्ट के गत 21 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है। हाइकोर्ट ने चारधाम और अन्य 51 मंदिरों का प्रबंधन राज्य सरकार के ले लेने वाले कानून को चुनौती देने वाली स्वामी की याचिका खारिज कर दी थी। चार धाम में बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री शामिल है। हाईकोर्ट ने देवास्थान एक्ट की वैधानिकता को सही ठहराते हुए अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार मंदिरों का स्वामित्व ले सकती है और बोर्ड को मंदिरों की संपत्तियों और प्रशासन प्रबंधन का अधिकार है। हाईकोर्ट में देवास्थान बोर्ड एक्ट को चुनौती देते हुए स्वामी ने दलील दी थी कि ये चार धाम अलग रिलीजियस डिनोमिनेश है और इसलिए उसका प्रबंधन सरकार अपने हाथ में नहीं ले सकती उन्हें स्वयं उसके प्रबंधन का अधिकार है। हाईकोर्ट ने यह दलील नहीं मानी थी। स्वामी के अलावा दो और याचिकाओं में उत्तराखंड हाइकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। एक याचिका गैरसरकारी संगठन पिपुल फार धर्मा ने दाखिल की है और दूसरी इंडिक कलेक्टिव की ओर से दाखिल की गई है। स्वामी ने अपने याचिका में कहा है कि राज्य सरकार के कानून से रिलीजियस डिनोमिनेशन को संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में मिले प्रबंधन के अधिकार का उल्लंघन होता है।

# ग्रामीण अंचल



## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम के न पहुंचने से फरियादी मायूस

### मुख्य विकास अधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्या

**फूलपुर।** मंगलवार को फूलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी के आने की सूचना पर फरियादियों की भीड़ जुट गई । परंतु ऐन मौके पर शुरू हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को तत्काल निपटाने के लिए पूरा जोर दिया वहीं शिकायत निस्तारण की व्यवस्था से फरियादियों में मायूसी छाई रही।

कोविड-19 महामारी के बाद काफी दिनों से तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी की उपस्थिति का इंतजार कर रहे फरियादियों की लालसा तो नहीं पूरी हो पाई।परंतु मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार सिंह के आने से फरियादियों में जरूर कुछ उम्मीद जगी। अपनी शिकायती पत्र को? लेकर फरियादी काफी देर तक लाईन में ?लगे रहे। अधिकारियों की कार्यशैली पर फरियादी काफी मायूस दिखाई दे रहे थे। यही कारण है कि तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस आए कुल 265 प्रार्थना पत्रों को लेकर लेकर खाना पूर्ति की जा रही है।

माह के प्रथम व तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित किया जाता है। जिसमें जिलाधिकारी प्रत्येक तहसील दिवस को एक तहसील में जा कर शिकायतें सुनते है। डीएम के साथ में जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहते है। हर बार शिकायतों का ग्राफ बढ़ता है लेकिन निस्तारण की गति धीमी रहती है। मंगलवार को आयोजित फूलपुर तहसील में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 38 पुरानी शिकायतों के निस्तारण न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों की जमकर फटकार लगाई । भारी संख्या में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे शिकायतकर्ताओं से तहसील में अफरातफरी का माहौल बना रहा। कई बार अपनी शिकायतों को लेकर अधिकारियों की परिक्रमा कर चुके फरियादी निराश होकर मंगलवार को डटे रहे इस मौके पर उपजिलाधिकारी फूलपुर विवेक चतुवेर्दी जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव सहायक अभियंता नहर विभाग, सेवायोजन अधिकारी, सीएमओ,सीओ फूलपुर, जिला कृषि अधिकारी, बीएसए के अलावा स्थानीय अधिकारी आपूर्ति निरीक्षक, बीडीओ फुलपुर, बहरिया, बहादुरपुर, पशु चिकित्सक, वन विभाग, के साथ ही पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### डीआईजी सीआरपीएफ के पिता का निधन शोक की लहर

**सोरांव।** सीआरपीएफ पड़िला ग्रुप सेन्टर के डी आई जी मनीष सच्चर के पिता सतीश चन्द्र सच्चर 84 वर्ष की लम्बी बीमारी के चलते ग्रुप सेन्टर परिसर स्थित डी आई जी आवास पर मंगलवार की भोर असामयिक मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रुप सेन्टर परिसर मे शोक छा गया, और दोपहर में डी आई जी के पिता की आत्मा की शान्ति हेतु एक शोक सभा का आयोजन डी आई जी रेन्ज आर डुई डॉग व डी आई जी मेडिकल ड़ा कौशल किशोर की संयुक्त अध्यक्षता मे की गयी। इस दौरान उनको पुष्प अपित कर श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्म की शाति के लिए ईश्वर से प्राथॅना की गयी। उसके पश्चात उनके शव का रसूलाबाद घाट पर अन्तिम संस्कार किया गया। इस मौके पर कमानडेन्टग्रुप सेन्टर तपन कुमार, 224बटालियन के कमान्डेन्ट सुमन्त कुमार झा, उपकमान्डेन्ट राजेश तिवारी, जे एस शेखावत, विनय शंकर शुक्ल, सहायक कमान्डेन्ट आशीष सिह, ड़ा आर के अग्रवाल, हृदयेश कुमार सहित सी आर पी एफ के अधिकारी/ जवान के अलाव बड़ी संख्या मे संभ्रान्त लोग मौजूद रहे,मृतक सतीश कुमार सच्चर मूलरूप से कानपुर के रहने वाले थे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल



घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी ले जाते हुए

**फूलपुर।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार रिटायर्ड पुलिस कर्मी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे घायलावस्था में सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खोजापुर गांव के सामने प्रयागराज जौनपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार को फूलपुर निवासी बब्बन सिंह पुत्र बिन्देश्वरी दोपहर अपनी बाइक से फूलपुर जा रहा था। अभी वह फूलपुर नहर पर ही पहुंचा था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बाइक सवार दूसरी तरफ टर्न लेना चाह रहा था तभी अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बूलेस की मदद से घायल को सीएचसी फूलपुर में भर्ती कराया।



## हाईकोर्ट समाचार

### टीचरों की भर्ती : जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर सरकार करेगी सुधार

**प्रयागराज।** 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में 31,661 पदों पर भर्ती मामले में प्रदेश सरकार की तरफ से महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि ये भर्ती सुप्रीम कोर्ट में लम्बित एसएलपी के अधीन है। चयन में हुई गलतियों के बारे में एडवोकेट जनरल ने कोर्ट को बताया कि एनआईसी में हुई कुछ गड़बड़ी को लेकर जांच चल रही हैं और इस जांच का रिपोर्ट आने के बाद सरकार यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो उसे सुधारने का निर्णय लेगी। महाधिवक्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के मार्फत हाईकोर्ट में बहस की। याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता एच.एन सिंह ने बहस करते हुए कोर्ट में बताया कि कुछ कम मेरिट के लोगों को नियुक्ति मिल गई, जबकि अधिक मेरिट वालों को नहीं मिल सकी। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि जो भी गलतियां हुई हैं जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि ऐसा कुछ है तो उस पर निर्णय लेने के बाद उनको सुधारा जाएगा। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने संजय कुमार यादव व अन्य की याचिका पर दिया है। याची का पक्ष रख रहे वकीलों का कहना था कि नियुक्ति पत्र देने के लिए जारी की गई सूची में बहुत से ऐसे मामले हैं जिनमें कम गुणांक वालों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया। जबकि अधिक गुणांक पाने वाले चयन से बाहर हैं। इससे पूर्व कोर्ट ने राज्य सरकार से इस विसंगति के बारे में जवाब मांगा था। महाधिवक्ता के बयान के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई हेतु 17 नवम्बर नियत कर दी है।

### एमएलसी हाजी इकबाल के परिवार के उत्पीड़न पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहारनपुर के पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल व परिवार के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाई पर रोक लगा दी है और उनके बेटे मोहम्मद अफजल की याचिका पर दो हफ्ते में प्रवर्तन निदेशालय लखनऊ में अपना पक्ष रखने का समय दिया है। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की जांच मे हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने मोहम्मद अफजल व अन्य की याचिका पर दिया है। भारत सरकार के सहायक सालीसिटर ने प्रवर्तन निदेशालय का पक्ष रखा। इनका कहना था कि ईडी ने मनी लानिंड्रग के आरोप में नोटिस जारी कर कुछ पेपर दिखाने के लिए बुलाया है। याची जांच में सहयोग न कर नोटिस को चुनौती दी है। इनके खिलाफ फर्जी कंपनियों के जरिये मनी लानिंड्रग की जांच की जा रही है। ईडी ने 25 सितम्बर को बुलाया था। अब 22 अक्टूबर को बुलाया गया है। याची जांच मे सहयोग नहीं कर रहा है। याची का कहना था कि इसी मामले में कंपनी कोर्ट में केस चल रहा है। इसलिए ईडी को अलग से उसी मामले की जांच करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह आपत्ति ईडी के समक्ष उठायी जा सकती है। जो कुछ कहना है ईडी के समक्ष हाजिर होकर अपना पक्ष रखे।

### काउन्सिलग में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति सम्बंधित याचिका निस्तारित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती मामले में निदेशक बेसिक शिक्षा के पुनर्मूल्यांकन में सफल अभ्यर्थियों का काउन्सिलिंग कर नियुक्ति के सम्बंध में तीन सप्ताह में सरकार द्वारा निर्णय लिए जाने के आश्वासन के बाद याचिका निस्तारित कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो याची कोर्ट आ सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने नेहा परवीन की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। कोर्ट ने पुनर्मूल्यांकन में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति न करने पर बेसिक शिक्षा निदेशक को तलब किया था। डॉ. सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह निदेशक बेसिक शिक्षा कोर्ट में पेश हुए और उन्होंने अनुपालन हलफनामा दाखिल किया। कोर्ट को बताया गया कि सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने शासन को याची सहित पुनर्मूल्यांकन में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने की संस्तुति की है। शासन मे सफल अभ्यर्थियों की काउन्सिलिंग कर नियुक्ति का मामला विचाराधीन है। तीन हफ्ते में निर्णय हो जायेगा। कोर्ट ने कहा कि निदेशक के आश्वासन के बाद याचिका लंबित रखने का औचित्य नहीं है। संदेह नहीं है कि सरकार कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करेगी।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री द्वारा किया गया लोकार्पण

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण और शिलान्यास

**शंकरगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम स्वराज अभियान/ वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) व मनरेगा के तहत बने सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवनों का लोकार्पण किया। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में बन चुके सामुदायिक शौचालयों व पंचायत भवन का लोकार्पण किया साथ ही शेष ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन का शिलान्यास किया गया, जिसमें विकास खंड शंकरगढ़ के 70 सामुदायिक शौचालयों का भी लोकार्पण किया गया और 24 पंचायत भवन व छह सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास किया गया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ओम प्रकाश पांडेय ने बताया कि विकास खंड मुख्यालय शंकरगढ़ पर मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालयों का लोकार्पण/ शिलान्यास का लाइव आयोजन दिखाया गया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़ भारत सिंह पटेल के अलावा क्षेत्र के ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव मौजूद रहे ।

### एसओजी ने आठ जुआरियों को किया गिरफ्तार, हजारों रुपए बरामद

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजा तालाब बाजार के समीप मंगलवार को यमुनापार एसओजी टीम ने जुए की फड़ पर छापेमारी की कार्रवाई करते हुए आठ जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर हजारों रुपए नकदी बरामद की है। पकड़े गए जुआरियों को नैनी कोतवाली पुलिस को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक यमुनापार एसओजी प्रभारी वृंदावन राय को मंगलवार शाम को जरिए मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि मामा भांजा तालाब बाजार के समीप एक घर के पीछे खेत में बड़े पैमाने पर जुआ का खेल चल रहा है। सटीक सूचना मिलते ही एसओजी प्रभारी वृंदावन राय ने दलबल के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी शुरू कर दी। जब जुआरियों ने एसओजी टीम को देखा तो भगदड़ मच गई और कई जुआरी मौके से फरार हो गए। जवानों ने आठ जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिए। जामा तलाशी व फड़ से लगभग 48 हजार रुपए नगदी व बावन ताश के पत्ते बरामद करते हुए नैनी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिए।

## प्रतिष्ठान पर कार्य के दौरान किसान की मौत, परिजनों में कोहराम

**करमा।** जसरा के कांटी गाँव के किसान कमलेश पटेल (49)की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हों गयी जिससे परिजनों का रोंकर बुरा हाल हैं । कांटी गाँव के कमलेश पटेल कृषि कार्य के साथ शहर में एक दुकान पर रहकर जीविकोपार्जन हेतु कार्य करतें थे प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्य के दौरान सिर में ठोकर लगने से मौत हों गयी जिसके बाद शव कों पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों कों सौप दिया गया समाचार लिखें जानें तक अंतिम संस्कार नही हुआ था । परिजनों के द्वारा प्रदत्त जानकारी के मुताबिक घर के माली हालात ठीक न होनें के कारण मृतक कमलेश शहर में एक व्यवसायी के यहाँ कार्य करतें थे मृतक की पत्नी कमला देवी समेत आरती, ज्योति, प्रतिभा, चंद्र प्रकाश, कृष्ण प्रकाश, चंद्रभान आदि लोग परिवार में हैं जिसमें केवल बड़ी बेटी आरती की शादी हों चुकी हैं।



रोते बिलखते परिजन

### बेटियों के सर से उठा पिता का साया

आरती, प्रतिभा, ज्योति, विमला मृतक की कुल 4 बेटियाँ थी जिसमें केवल आरती की अभी शादी हुई बेटियों समेत परिजनों का रों -रोकर बुरा हाल । बेटियों समेत लोगों के मुँह पर बस एक ही सवाल अब कौन ब्याहेगा बेटियों कों ।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सजा मां का दरबार, बह रही भक्ति की बयार

### सुन्दर कांड पाठ, देवी गीत, आरती पूजन में भक्त मंत्रमुग्ध

**शंकरगढ़।** इन दिनों शंकरगढ़ और नारीबारी क्षेत्र में नवरात्रि पर जगह जगह मां का दरबार सजा हुआ है। भक्तगण पूजन-अर्चन, हवन कीर्तन के साथ सुन्दर कांड, रामायण का पाठ कर मंत्र मुग्ध हैं और यह कार्यक्रम निरंतर सोशल दूरी का पालन करते हुए किया जा रहा है।

शंकरगढ़ के हाथी दरवाजा गली,पुरानी बाजार समेत कई मोहल्लों में मां की मूर्ति स्थापित की गई है।इसीतरह नारीबारी के पटिवार गांव में रामेश्वर प्रसाद मिश्र द्वारा दुर्गा की स्थापना के साथ पूजन अर्चन किया जा रहा है। पुरोहित पं.प्रदीप कुमार मिश्र द्वारा विधि-विधान से सुबह-शाम पूजन कराया जा रहा है। लाला पुरवा में नारायण ,सतपुरा मे जगनारायण, शिवेन्द्र सिंह व हौसला प्रसाद पांडे, पडिवार मे रमाकांत तिवारी व झंझरा चौबे दलित वस्ती पर मां दुर्गा स्थापित कर पूजन किया जा रहा है। पटिवार में मंगलवार सायं दुर्गा पंडाल में सुन्दरकाण्ड रामायण का संगीतमय पाठ धीरेन्द्र मिश्रा के टीम द्वारा गायन किया गया जिसमे क्षेत्र के गणमान्य लोग मे ग्राम प्रधान नारीबारी संतोष शुक्ला, महेंद्र शुक्ल, सूर्यकांत शुक्ल, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, आशाराम शुक्ला, ताराचंद पान्डेय, रमाकांत पांडेय, राजरूप मिश्रा, प्रशांत कुमार मिश्र, रूप नारायण मिश्र, सरयू, गुलाब मिश्रा, रमेश महराज आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



मां की पूजा अर्चना करते भक्तगण

## पहले प्यार में शादी फिर दहेज के लिए उत्पीड़न शुरू

**प्रयागराज।** चित्रकूट जनपद के बरगढ़ ग्राम निवासी अर्जुन प्रसाद की बेटी राजरानी इलाहाबाद के नैनी में रहकर पढ़ाई करती थी जहां उसका संपर्क अभिषेक सिंह से हो गया और दोनों के बीच प्यार चढ़ने लगा देखते देखते दोनों ने आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली कुछ दिन तक तो राजरानी का दांपत्य जीवन ठीक रहा लेकिन उसके बाद अभिषेक की मां बहन राजरानी को दहेज कम लाने के लिए प्रताड़ित करने लगी चार लाख रुपये नगद बाइक और अन्य सामान की मांग ससुराली जनों द्वारा बार-बार किया जाने लगा इस बीच राजरानी के पिता ने ससुराली जनों को सोने चांदी के जेवर फ्रिज कूलर सहित तमाम जरूरत के सामान भी दिए लेकिन दहेज लोभी ससुराली जनों का मुंह दिन प्रतिदिन सुरसा की तरह बढ़ता गया और अंततः विवाहिता के साथ कई बार ससुराली जनों ने मार पीट भी किया हद तो तब हो गई जब ससुराली जनों ने नवविवाहित को पीट पीट कर आधी रात को घर से निकाल कर बाहर भगा दिया रात भर विवाहिता सड़क पर पड़ी रही सुबह विवाहिता ने पिता को फोन करके बुलाया और विवाहिता मायके चली गई ससुराली जनों से प्रताड़ित विवाहिता ने पुलिस का सहारा लिया और पूरे मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी लेकिन मुकदमा नही दर्ज हुआ जिस पर विवाहिता ने मामले की शिकायत महिला आयोग से भी की महिला आयोग के निर्देश पर खुल्दाबाद पुलिस ने विवाहिता के साथ अत्याचार दहेज उत्पीडन के मामले में उसके पति सास और उनकी ननद के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है मुकदमा दर्ज होते ही दहेज लोभी ससुराली जन फरार हो गए हैं।

## सब्जी कारोबारी ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा मण्डी में एक सब्जी कारोबारी के बेटे ने सोमवार की रात कतिपय कारणों से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।घूरपुर कस्बा निवासी दिलीप कुमार सोनकर(30वर्ष) पुत्र रामचन्द्र सोमनकर सब्जी की दुकान चलाकर एक बेटी एवं पत्नी राधा देवी का भरण-पोषण करता था। बताया जा रह है कि सोमवार की रात वह घर से खाना खाने के बाद जसरा मण्डी स्थित दुकान पर चला गया। मंगलवार की सुबह जब उसके परिवार के लोग पहुंचे तो वह अवेत मिला और उसके मुह से झाग निकल रहा था। यह जानकारी होते ही परिवार के लोग उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने बताया कि उसकी मौत हो गई। यह जानकारी होते ही परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस का मानना है कि घरेलू कलह से क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या की होगी। हालांकि परिवार के लोगों ने लिखित में कोई कारण नहीं बताया है।

## सोरांव ब्लॉक प्रमुख द्वारा भवनों तथा सामुदायिक शौचालयों का हुआ लोकार्पण



लोकार्पण करते सोरांव ब्लाक प्रमुख

**सोरांव।** सोमवार को सोराँव विकास खण्ड के सभागार में पंचायत विभाग उत्तर प्रदेश आर जी एस ए केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त एवं राज्य वित्त तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित पंचायत भवनों तथा सामुदायिक शौचालयों का लोकार्पण एवं शिलान्यास का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आलोक कुमार पांडेय ने की। उन्होंने द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी स्मिता सेन, एडीओ सुरेंद्र यादव, राम शिरोमणि, उमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बेकाबू ट्रैक्टर ने मासूम को कुचला, मौत

**हंडिया।** हंडिया कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है, और खनन माफिया पुलिस को ठेंगा दिखाकर धड़ल्ले से सड़कों पर दम भर रहे हैं जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

मामला हंडिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा बिझौली का है। जहां अवैध मिट्टी लादकर जा रहे ट्रैक्टर ने एक मासूम को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बिझौली गांव निवासी मलेद्र कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय गुलाब धर गुप्ता का लड़का अमन गुप्ता उम्र लगभग 9 वर्ष जो कि अपने घर से किसी काम से गया हुआ था वह घर वापस आ रहा था कि जैसे ही वह जीत नारायण सिंह के घर के पास पहुंचा ही था कि तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर के बुरा हाल है वही मौका देख कर चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर हंडिया कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह पटेल मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें कि मृतक चार भाई बहन में सबसे बड़ा था और दुखद है कि माता-पिता दोनों विकलांग है।



मासूम की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन, गिनाईं समस्याएं

**शंकरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के नारीबारी मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर आज ब्लॉक और थाने पर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। नारीबारी मंडल की सभी ग्राम पंचायतों की विभिन्न समस्याओं के साथ मंडल अध्यक्ष अंजनीलाल ने समस्याओं के त्वरित निदान की भी मांग की। विकास खंड शंकरगढ़ में मंडल अध्यक्ष ने बीडीओ देवेंद्र कुमार ओझा, थाना शंकरगढ़ में थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय, नारीबारी चौकी में चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार के साथ ही तहसील प्रशासन को भी ज्ञापन सौंपा। इसमें पेयजल, साफ-सफाई, सड़क, नाली, खड़ंजा सहित कई समस्याएं शामिल हैं।

मंडल अध्यक्ष ने क्षेत्र में आवारा पशुओं की तरफ भी अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है। इस मौके पर मंडल महामंत्री पंकज कुमार पांडेय, ऋषि मोदनवाल, संजीव पांडेय, पृथ्वीराज साहू, सुभाष सिंह, कमल सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश्वरी प्रसाद, सुजीत पांडेय, भरत निषाद, अर्जुन गुप्ता, कृष्ण चंद्र शुक्ला, विजय बहादुर सिंह, अशोक सिंह, रामसुमेर आदिवासी, कुलदीप, नमन, अतुल, मयंक और शुभम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते भाजपाई

## संक्षेप समाचार

### उरूवा में दो दिवसीय केन्द्रीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी मेजा विधानसभा के उरुवा मंडल में केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण शिविर मंगलवार से प्रारम्भ हुआ। जिसमें वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम का शुभारम्भ यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारतीय, मंडल प्रभारी राजेश शर्मा, उरुवा मंडल अध्यक्ष संजय केशरी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मोहन लाल शर्मा ने वर्ग गीत गाकर सम्मिलित लोगों द्वारा गीत दोहराया गया। इस अवसर पर मांडवी शरण द्विवेदी ने भाजपा का इतिहास और विकास के विषय में बताया और भगवान दास कुशवाहा ने हमारा विचार परिवार पर अपने विचार व्यक्त किया। रूप नारायण मिश्रा ने 2014 के बाद भारत के राजनीति में आया बदलाव एवं हमारा दायित्व पर चर्चा की। वेदानंद मिश्रा ने भारत की वैचारिक विचार धारा एवं हमारी विचारधारा के बारे में लोगों को जागरूक किया। अंत में श्रीकांत तिवारी ने व्यक्तित्व के विचार के विषय में कहा।

### छात्र राष्ट्र के भाग्य विधाता : गुलाब चन्द्र विश्वकर्मा

**करमा ।** किसी भी राष्ट्र कों विकसित बनाने में वहाँ के विद्यार्थियों की बहुत अहम भूमिका होती हैं इसलिए समाज के सभी प्रतिष्ठित लोगों का नैतिक कर्तव्य हैं कि अपने आसपास के 05निर्धन एवम मेधावी बच्चों कों गोद लेते हुए शिक्षा -दीक्षा का प्रबंध करें उक्त बातें करछना ब्लाक के आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय खेक्सा में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री गुलाब चन्द्र विश्वकर्मा नें विद्यालय में गणवेश वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये ।प्रधानाध्यापिका रूश्दा नाहिद के मुताबिक छात्र ही देश के भाग्य विधाता हैं राष्ट्र में विभिन्न समस्याओं कों खत्म करनें एवम विभिन्न अपराधों के खात्मे हेतु देश के भविष्य कों उचित पोषण एवम शिक्षा जरूरी हैं सूत्रों के मुताबिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उक्त संस्थान में लगभग तीन लाख रुपये निजी वेतन से खर्च करके स्पोर्ट्स , आवश्यक किताबों के साथ परिसर एवम कक्षाओं कों काफी सुन्दर रूप प्रदान कर चुकी हैं । गणवेश वितरण में ग्राम प्रधान धरवारा श्रीमती सविता देवी सहित उक्त विद्यालय के स्टाफ सीमा कुमारी , अनीता सिंह , रेनू श्रीवास्तव , अमित तिवारी सहित अभिवावक गण मौजूद रहें ।

# विभिन्न कम्पनियों के नकली सामग्री बनाने वाला गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद




**प्रयागराज।** विभिन्न कम्पनियों के नाम नकली आयल एवं चाय के कारोबार करने वाले जालसाज कारोबारी को झूंसी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भारी मात्रा में नकली आयल एवं चाय बरामद किया। जिसकी कीमत लाखों में बतायी जा रही है।

उक्त जानकारी देते हुए मंगलवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक गंगापार धवल जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार अवैध कारोबारी झूंसी के बुढ़वा बाबा कटका गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र सौदागर है। आरोपित नकली पैरासूट आयल, बजाज आलमण्ड, डाबर गुलाब जल, टाटा की खुली चाय और पैकेट में भर कर बेंचता था। जिससे इसकी लाखों की आमदनी होती थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर जनपद नकली ब्रान्डो की विक्री पर काबू पाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी पंचम के नेतृत्व में झूंसी थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रसाद एवं उनकी टीम लगी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर अशोक कुमार के गोदाम में छापामारा। जहां से पैरासूट जैसमीन आयल की 90 एमएल की भरी हुई 3116 शीशी बामद हुए, इसी तरह 6219 खाली शीशी, पैरासूट जैसमीन आयल का 3819 स्टीकर, 1201 ढक्कन, बजाज आलमण्ड आयल का नकली ब्राण्ड 50 एमएल का कूटरचित 16269 स्टीकर, 200एमएल की भरी हुई 980 शीशी आयल, इसके साथ ही 2409 खाली शीशी, 3021 ढक्कन, 2012 नकली स्टीकर बरामद किया गया। इसी तरह नकली डाबर गुलाब जल 60 एमएल की भरी हुई 1942 शीशी जल, गुलाब जल की खाली शीशी , कूटरचित 12019 स्टीकर, गुलाब जल का ढक्कन बरामद किया गया है। इसी तरह टाटा चाय की नकली ब्रान्ड की 50 ग्राम की 32602 पैकेट, 100 ग्राम के 1630 खाली पाउच, टाटा चाय खुली नकली ब्राण्ड चाय पत्ती 80 किलोग्राम ओर टाटा चाय की 100 ग्राम की नकली भरी हुई 1029 पाउच बरामद किया गया।

उक्त आरोपित के खिलाफ झूंसी थाने में कापी राइट एक्ट के साथ विभिन्न धाराओं में मंगलवार को मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्रवाई की गई और न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

## सहायक अध्यापक का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक) पुरूष-महिला शाखा परीक्षा 2018 जो 29 जुलाई 2018 को सम्पन्न हुई थी, मंगलवार को परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव जगदीश के अनुसार सामाजिक विज्ञान महिला शाखा में अनारक्षित श्रेणी की 464, अ.पि. वर्ग की 250, अनु.जाति 195 तथा अनु.जनजाति की 19 रिक्तियों अर्थात् कुल 928 रिक्तियों के सापेक्ष 927 अभ्यर्थी औपबन्धिक रूप से चयनित हैं। जिसमें अनारक्षित श्रेणी की एक रिक्ति उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या 13618/2018 में होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन रखते हुए रोकी गयी है। परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आयोग के उप सचिव एवं जनसम्पर्क अधिकारी पुष्कर श्रीवास्तव ने बताया है कि चयनित अभ्यर्थी अपने वांछित मूल अभिलेखों के सत्यापन हेतु आयोग द्वारा अलग से जारी होने वाली विज्ञप्ति के अनुसार उपस्थित होकर अपने अभिलेखों का सत्यापन करा लें, अन्यथा उनका चयन निरस्त कर दिया जायेगा।

# प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शिखा बनी आत्मनिर्भर, 42 को दिया रोजगार

### बच्चों की पढ़ाई के साथ शुरू किया स्वरोजगार


शिखा खन्ना को सम्मानित करते डीएम

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और स्टार्टअप इंडिया की मदद से प्रयागराज की शिखा खन्ना आज शिखर पर पहुंच रही है। उन्होंने अपने दम पर स्वरोजगार शुरू करके 42 और लोगों को रोजगार दिया है। उनका कहना है कि स्थितियां और परिस्थितियां बदलती रहती हैं, लेकिन लोगों को अपना हौसला नहीं छोड़ना चाहिये और आगे बढ़ते रहना चाहिए। इससे सफलता मिलना तय है।

आज शिखा खन्ना अपनी मेहनत से जिस मुकाम पर है, उसको देखकर सभी प्रयागराज वासियों को गर्व महसूस होता है। कानपुर निवासी शिखा खन्ना की शिक्षा-दीक्षा कानपुर में हुई। कानपुर विवि से बीएससी, बीएड और एमएड हैं। उनका विवाह 1991 में प्रयागराज में हुआ और उनके पति का देहान्त 2002 में हो गया था। उस समय शिखा खन्ना के एक बेटी एवं एक बेटा था जो कि दोनों ही बहुत छोटे थे। उनका पालन-पोषण करने में शिखा खन्ना को बहुत ही मेहनत एवं दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लेकिन अपनी इच्छा-शक्ति से शिखा खन्ना ने सर्वप्रथम अपना एक छोटा-सा बुटिक का काम अपने घर मीरापुर से ही शुरूआत किया। अपनी मेहनत और लगन से शिखा खन्ना आगे बढ़ती चली गयी। उन्होंने कई स्कूलों के माध्यम से स्कूलों का वार्षिक उत्सव एवं कई कार्यक्रम आयोजित किए। 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के स्टार्टप इंडिया अंतर्गत शिखा खन्ना ने स्वयं अपने ई-रिक्शा को डिजाइन कर प्रयागराज का पहला ई-रिक्शा जिसमें बिग बाजार के सामने एक फूड चार्ट-कार्नर के स्टाल की शुरूआत की। उनके साथ 42 लोग काम करते हैं। इस स्टाल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जिसकी मानिटरिंग शिखा घर से और उनके बेटे दिल्ली से करते रहते हैं। इसके बाद शिखा खन्ना ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह स्कूल-कालेज एवं स्थानों पर होने वाले इवेण्ट्स को अपने 42 सहयोगियों सहित संपन्न कराती हैं। कई विभिन्न संस्थाओं से सम्मानित शिखा खन्ना प्रधानमंत्री के स्टार्टप इंडिया के टॉप-20 में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। शिखा का बेटा प्रखर खन्ना जो सुप्रीमकोर्ट में एडवोकेट है एवं बड़ी बेटी खुशबू खन्ना जेएनयू में टॉप करके अपने जिले और प्रदेश का नाम देश में रोशन किया। शिखा को बर्थ-कंट्रोल फाउंडेशन की तरफ से मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। डीएम भानुचन्द्र गोस्वामी, पूर्व कमिश्नर आरएस वर्मा, यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल एवं एक्टर फैशन डिजाइनर एवं वर्ल्ड वाइड फोटोग्राफर मनु पुरवार ने शिखा को प्रोत्साहित करने के लिये हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान अम्बेडकर विहार प्रयागराज के बैनर तले एनसीजेडसीसी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भी किया है। शिखा खन्ना का कहना है कि हिम्मत और हौसले के साथ आगे बढ़ना चाहिए इससे आत्मनिर्भरता बढ़ती है।

### भाजपा ने दीनदयाल के अंत्योदय का सिद्धांत लागू किया : संजय गुप्ता

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सिद्धांत लागू करने का कार्य किया, जो समाज के अंदर दिखाई भी पड़ रहा है। हमारी केंद्र एवं प्रदेश की सरकार पिछले छह वर्षों में जो भी योजनाएं बनाती है उनमें मुख्य बिंदु के रूप में समाज के अंदर रहने वाले गरीबों के हितों को देख कर बनाई जाती है और उसका लाभ उन तक बिना किसी बिचैलिए के प्रत्यक्ष रूप से पहुंचे इसकी भी व्यवस्था की जाती है। उक्त विचार चायल के भाजपा विधायक संजय गुप्ता ने मंगलवार को चैक मंडल में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन पिछले छह वर्षों में हुई अंत्योदयी प्रयत्न पर व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, मजदूरों, पिछड़ों, व्यापारियों, किसानों एवं गरीब सवर्णों की भी चिंता करती है। उनके लाभ लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में प्रकाश लाने का कार्य कर रही है। उन्होंने अंत्योदयी प्रयत्न का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा एक ऐसा दल है जहां कार्यकताओं को ही सबसे बड़ा पदाधिकारी माना जाता है और सबसे बड़े पद पर सुशोभित किया जाता है। इससे बड़ा अंत्योदय प्रयत्न का जीता जागता उदाहरण किसी और दल में नहीं देखा जा सकता। अंत में उन्होंने कहा कि मैं भी एक गरीब परिवार का बेटा हूं। भाजपा ने आज हमें विधायक बनाया जिसके कारण आज मैं समाज के सभी लोगों की सेवा कर रहा हूं।

# शंकराचार्य नरेन्द्रानंद सरस्वती ने विश्व कल्याण की कामना किया

**प्रयागराज।** जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती मंगलवार को प्रयागराज में थे। उन्होंने सर्वप्रथम संगम स्नान कर बडे. हनुमान जी और सिविल लाइंस स्थित हनुमत निकेतन में दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात प्रतिष्ठानपुरी (झूँसी) स्थित श्री कैलाश धाम में आशुतोष भगवान शिव का अभिषेक कर विश्व कल्याण और लोगों के उन्नति की कामना किया।

श्री काशी सुमेरु पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानन्द सरस्वती ने भगवान शिव शंकर, माँ गंगा और हनुमान जी से विश्व कल्याण और लोगों के उन्नति की कामना किया। इस अवसर पर शंकराचार्य ने कहा कि कोरोना काल में सभी का जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लेकिन एक बहुत ही अच्छी बात यह रही कि लोग सम्बंधों को लेकर फिर से गंभीर हो गये हैं। इससे सामाजिक विषमता जहां खत्म होगी, वहीं दूसरी ओर भाई चारा को और मजबूती मिलेगी। यह जानकारी शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी बृजभूषण दासजी महाराज ने दिया है।


अभिषेक करते नरेन्द्रानंद सरस्वती

## बाहुबली विजय मिश्रा को राहत, बहुमंजिला काम्पलेक्स गिराने पर रोक

**प्रयागराज।** बाहुबली विधायक विजय मिश्र को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहत देते हुए बाघम्बरी हाउसिंग स्कीम अल्लापुर स्थित उनके बहुमंजिला कॉम्पलेक्स के ध्वस्तीकरण पर तीन सप्ताह के लिए रोक लगा दी है। कोर्ट ने याची को ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने की छूट दी है और अपील पर एक सप्ताह में सुनवाई करने का निर्देश दिया है। इंद्र कली व अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी ने सुनवाई की। याचिका में मकान संख्या 13/16 के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस भवन के ध्वस्तीकरण आदेश 12 दिसंबर 2007 को जारी किया जा चुका है। इसका नोटिस भी याची को आदेश जारी होने से पूर्व ही दिया जा चुका है। यह एक पांच मंजिला भवन है जो व्यवसायिक उद्देश्य से बनाया गया है। याची के अधिवक्ता का कहना था कि ध्वस्तीकरण आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने का अधिकार है। इस पर राज्य सरकार और पीडीए के अधिवक्ता ने कहा कि याची चाहे तो एक सप्ताह के भीतर स्थगन अर्जी के साथ अपील दाखिल कर सकते हैं। उसके एक सप्ताह में अपील पर निर्णय होगा। इसलिए तीन सप्ताह तक ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने याची को एक सप्ताह में अपील दाखिल करने और अपीलीय अधिकारी को उसके एक सप्ताह में उस पर आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। तब तक या अगले तीन सप्ताह तक जो भी पहले हो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है बाघम्बरी हाउसिंग स्थित यह भवन भदोही विधायक विजय मिश्रा का ही बताया जाता है। हालांकि यह उनके नाम से नहीं है।

# वानिकी प्रयासों से आजीविका में वृद्धि पर राष्ट्रीय वेबीनार

**प्रयागराज।** पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केंद्र (भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून) प्रयागराज तथा वन अनुसंधान केंद्र, अगरतला द्वारा संयुक्त रुप से अनलॉक-5 के दौरान वानिकी प्रयासों के माध्यम से आजीविका में वृद्धि विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष उपमहानिदेशक विस्तार डॉ. सुधीर कुमार ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के अंतर्गत कार्यरत संस्थानों तथा उनके केंद्रों द्वारा वानिकी आधारित आजीविका उपार्जन पर बल दिया। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा को भी बढ़ावा मिले। वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट (असम) के निदेशक डॉ. आर.सी जयराज ने बांस की विभिन्न प्रजातियों से तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं तथा लाख की खेती से होने वाले लाभों से अवगत कराया। डॉ. संजय सिंह, प्रमुख ने लाख की खेती विषय पर चर्चा करते हुए भारत में उपलब्धि प्रतिशत के साथ-साथ इसकी कुछ प्रजातियों से अवगत कराते हुए प्रयागराज केंद्र की अनुसंधान पौधशाला में लाख की खेती हेतु तैयार हो रहे मॉडल से अवगत कराया। उन्होंने स्वावलंबन रोजगार के अंतर्गत बांस से तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं से धन अर्जन पर चर्चा की। साथ ही औषधीय पौधों के अंतर्गत सहजन पर विशेष चर्चा करते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला तथा इसके रोपण हेतु अनुरोध भी किया। कार्यक्रम में केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुमुद दूबे ने वृष्टि वन अनुसंधान संस्थान जोरहाट तथा इसके अंतर्गत बांस रत्न अनुसंधान केंद्र के कार्यों तथा भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देहरादून में उसकी भूमिका से अवगत कराया। साथ ही बांस की कुछ प्रजातियों से भी रूबरू कराया। तत्पश्चात सहायक महानिदेशक विस्तार ने परिषद की स्थापना तथा इसके उद्देश्य से अवगत कराया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर ने प्रयागराज केंद्र में चल रहे अनुसंधान कार्यों के साथ विभिन्न परियोजनाओं द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में वानिकी के विकास से पर्यावरण में हस्तक्षेप से अवगत कराया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# उत्तर मध्य रेलवे में अक्टूबर 2020 में 25% अधिक माल लदान का लक्ष्य

### महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, 160 किमी/घण्टा तक गति बढ़ाने, माल लदान और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की

**प्रयागराज।** महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज, झांसी और आगरा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, 160 किमी/घण्टा तक गति बढ़ाने, माल लदान और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की।

सबसे पहले, ट्रेन संचालन में संरक्षा की समीक्षा की गई। महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने संरक्षा संबंधी मामलों में सभी स्तरों पर सतर्कता बरतने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि हमारे फ्रंटलाइन स्टाफ जैसे ट्रैकमैन, स्टेशन स्टाफ, रनिंग स्टाफ और लाइन पर जाने वाले अन्य अधिकारियों को ट्रेसपासिंग वाले स्थानों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और ऐसे मामलों की तत्काल रिपोर्ट दी जानी चाहिए जिससे अनाधिकृत रूप से ट्रैक पार करने को रोकने हेतु त्वरित कार्यवाई की जा सके।

उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत कानपुर-लखनऊ खण्ड सहित नई दिल्ली-हावड़ा और नई दिल्ली-मुंबई खण्ड में 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति बढ़ाने के काम की समीक्षा करते हुये; महाप्रबंधक श्री चौधरी ने निर्देश दिया कि उन्नयन कार्यों के लिए आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण होगी और संबंधित विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षो को उच्च मूल्य और महत्वपूर्ण वस्तुओं की उपलब्धता की निगरानी उनके स्तर पर करने की सलाह दी।उच्च गति पर पॉइंट और क्रॉसिंग जोन पर ट्रेनों की संरक्षा और गति को बढ़ाने के लिए, पॉइंट और क्रॉसिंग जोन में मौजूदा ट्रैक फिटिंग को थिक वेब स्विच के साथ प्रतिस्थापित किया जा रहा है।गति बढ़ाने के लिए इस महत्वपूर्ण ट्रैक से संबंधित कार्य में तेजी लाते हुए, उत्तर मध्य रेलवे ने 03 थिक वेब स्विच प्रति माह बदलने के मौजूदा औसत की तुलना 04-05 स्थानों पर एक साथ में थिक वेब स्विच का प्रावधान शुरू किया है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान उत्तर मध्य रेलवे में माल लदान प्रदर्शन की समीक्षा की गई। बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों , कुशल ट्रेन संचालन और ग्राहक केंद्रित विपणन दृष्टिकोण के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप; पिछले 04 महीनों से उत्तर मध्य रेलवे में माल लदान में निरंतर बढ़ोतरी की है। 19 अक्टूबर 2020 तक, उत्तर मध्य रेलवे ने पिछले साल अक्टूबर की इसी अवधि के 7 लाख टन माल लदान की तुलना में इस वर्ष 8.9 लाख टन माल का लदान करते हुए 27% का रिकॉर्ड सुधार दर्ज किया है। सतत मार्केटिंग प्रयासों के फलस्वरूप, उत्तर मध्य रेलवे ने नए और इंक्रीमेंटल यातायात के लिए 09 स्टेशन से स्टेशन (STS) रियायती दर के प्रस्तावों को अंतिम रूप दे दिया है और 03 प्रक्रियाधीन स्टेशन से स्टेशन (STS) प्रस्तावों के साथ उत्तर मध्य रेलवे एसटीएस प्रस्तावों को अंतिम रूप देने में सभी क्षेत्रीय रेलवे में अग्रणी रेलवे है। उत्तर मध्य रेलवे, कबरई से प्रयागराज तक बलास्ट लोड करने के एसटीएस प्रस्ताव पर भी काम कर रहा है, जो डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर के काम के लिए बलास्ट के परिवहन से लोडिंग बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। 19 अक्टूबर 2020 तक, उत्तर मध्य रेलवे में अप्रैल से अक्टूबर तक मालगाड़ियों की औसत गति 45.02 किमी प्रति घंटे थी, जो पिछले साल की औसत गति 24.69 किलोमीटर प्रति घंटे की तुलना में 82.5% बेहतर रही।

व्यवसाय करने में सरलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में 30 सितंबर 2020 से रेलवे द्वारा एक फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट (FBD) पोर्टल का भी संचालन किया जा रहा है । फ्रेट ग्राहक इस पोर्टल को लिंक http://fois.indian-rail.gov.in/FOISWebPortal/index.jsp के माध्यम से एक्सेस कर सकते हैं और माल ढुलाई में रेलवे द्वारा दी जाने वाली विभिन्न पालिसियों, प्रोत्साहनों और रियायतों से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस पोर्टल का उपयोग माल भाड़े की गणना, माल गाड़ी के लोकेशन की ट्रैकिंग, विभिन्न स्टेशन पर माल लदान सुविधाओं की जानकारी आदि के लिए भी किया जा सकता है। इस पोर्टल के सर्विस मार्केट एट रेल टर्मिनल (SMART) सेक्शन के तहत रेलवे के लगभग 4200 मालवाहक टर्मिनलों पर 9000 से अधिक माल ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एग्रीगेटर, ट्रक, गोदाम और श्रम सेवा प्रदाताओं द्वारा पंजीकरण किया जा सकता है।


### बीएड काउंसलिंग में छूटे अभ्यर्थियों को मिला मौका

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु सम्पन्न प्रथम चरण की काउंसलिंग में कोरोना की विशेष परिस्थितियों के कारण शामिल न हो पाने वाले अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय 22 अक्टूबर को काउंसलिंग कराने का एक मौका और दे रहा है। बीएड एवं बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश काउंसलिंग के समन्वयक प्रो. पी.पी दुबे ने बताया कि 12, 13 एवं 14 अक्टूबर को सम्पन्न हुए प्रथम चरण की काउंसलिंग में कुछ अभ्यर्थी या तो आ नहीं पाए या कुछ के अभिलेख नवीनीकृत न होने के कारण काउंसलिंग नहीं करा पाए। कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिनका परीक्षा परिणाम कोरोना के कारण घोषित नहीं हो सका था।

### यूपी बोर्ड : इम्प्रूवमेंट व कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा 2020 के हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट-कम्पार्टमेंट परीक्षा एवं इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेंट परीक्षा का परीक्षाफल मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। जिसमें कुल 99.94 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उक्त जानकारी यूपी बोर्ड सचिव दिव्य कान्त शुक्ल ने देते हुए बताया कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट परीक्षा में कुल 15,639 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 12,383 बालक एवं 3256 बालिकाएं थीं। कुल 14250 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें बालकों की संख्या 11,300 एवं बालिकाओं की 2949 थी। कुल 14241 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। जिनमें 11295 बालक एवं 2946 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.96 एवं बालिकाओं का 99.89 है। सचिव ने बताया कि हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा में कुल 155 में 108 बालक व 47 बालिकाएं थी। जिनमें 121 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए और 113 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 81 बालक व 32 बालिकाएं हैं। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेंट परीक्षा में कुल 17504 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें 7794 बालक व 9710 बालिकाएं थी। कुल 16884 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनमें से 16051 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें 7145 बालक व 8906 बालिकाएं हैं। अन्त में सचिव ने बताया है कि परीक्षाफल परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड कराया जा रहा है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्रधानाचार्यों को उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित किये जा रहे हैं। उत्तीर्ण अभ्यर्थी वेबसाइट से डाउनलोड कर शासन द्वारा निर्धारित 31 अक्टूबर तक कक्षा 11 में प्रवेश ले लें।

# मिशन शक्ति के तहत स्लम में कन्या पूजन व महाभोज का हुआ आयोजन


मिशन शक्ति के तहत बच्चों को भोजन कराते हुए

**प्रयागराज।** विशाल संकल्प संस्था द्वारा नवरात्रि में मलिन बस्ती में कन्या पूजन व भोज किया गया। ज्योति तो ज्योति होती है वो महल में हो या कुटियां में एक ही होती है। नवरात्रि के अवसर पर विशाल संकल्प के तत्वाधान में कन्या महाभोज का आयोजन किया गया ' वही बच्चों को पुस्तक,पेन्सिल,रबर उनको अक्षर ज्ञान के लिए प्रेरित किया। संस्था की ओर से अंजलि विशाल ने बताया कि बहुत सारी बेटियां स्कूल जाने लगी है। प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग 300 से ज्यादा बेटियां महकने दो से जुड़ चुकी है। ये कन्याये देश के भविष्य में चाँद सितारें सम जरूर चमकेंगी। संस्था संचालिका अंजलि विशाल ने बताया कि विशाल संकल्प इन बच्चों को एहसास दिलाता है तुम भी शक्ति का हिस्सा हो,₹तुम भी शक्ति स्वरूपा हो₹इस मंत्र का बीज बोता है।जो आज भले ही राई के समान दिख रहा है लेकिन एक दिन जरूर वट वृक्ष बनेगा। बहुत ही विलक्षण रहता है, जब कन्याओं के पाँव धुला कर, कुमकुम लगाकर, उन्हें आसन दिया, हवन व मंत्रोच्चार हुआ, उन्हें आने वाले जीवन के लिए साफ सफाई व शिक्षा का महत्त्व समझाकर,स्वछता का महत्त्व समझाया गया फिर हलवा पूड़ी व फल आदि का प्रसाद वितरण किया गया।इस वर्ष भी कुछ ऐसा ही हुआ। देश में चल रहे स्वछता अभियान के तहत,कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए, संस्था इस बार कन्याओं को प्रसाद दक्षिणा में साबुन व अन्य स्वच्छता सामाग्री दी गयी।साथ ही कोविड 19 से निजात पाने के लिये कन्याओं ने हवन भी किया। कार्यक्रम में सुमित गुप्ता, रिशा चंद्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, सूरज साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## संक्षेप समाचार

### जिला पंचायत के बेरियर पर वसूला जा रहा दोहरा टैक्स

**कौशांबी।** जिला पंचायत द्वारा सड़कों पर लगाए गए बेरियर में निर्धारित शुल्क से दोगुना शुल्क ठेकेदारों द्वारा जबरिया वाहनों से वसूला जा रहा है ठेकेदारों के गुंडो द्वारा वाहनों से वसूले जा रहे दोहरे टैक्स का आए दिन वाहन चालक विरोध करते हैं जिसके चलते ठेकेदार के गुर्गों से वाहन चालकों की नोकझोंक भी होती है लेकिन दबंग ठेकेदारों के आगे वाहन चालकों की नहीं चलती है और उन्हें निर्धारित शुल्क से दोगुना अधिक शुल्क देने के बाद ही बैरियर से जाने दिया जाता है। सराय अकिल क्षेत्र के कनैली में लगे जिला पंचायत के बैरियर मैं दबंगई से दोगुना टैक्स वसूला जा रहा है रसीद में जितना निर्धारित शुल्क छपा हुआ है उसी रसीद के पीछे कलम से दोगुना रकम लिखकर ठेकेदार के गुर्गे रकम वसूल रहे हैं आखिर जिला पंचायत के अधिकारी इन ठेकेदारों की अवैध वसूली पर कब तक मौन स्वीकृति देंगे कब तक सड़कों पर ट्रक चालकों का शोषण होगा या फिर शासन प्रशासन गुंडों की अवैध वसूली पर रोक लगाएगी।

### एक कानूनगो पर सात कानूनगो का बोझ

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर की तहसील में सात कानूनगो का पद सृजित है लेकिन जिले में कानूनगो की कमी है और एक कानूनगो के सहारे पूरी मंझनपुर तहसील के राजस्व कार्य को देखा जा रहा है जिसके चलते एक कानूनगो पर बोझ अधिक बढ़ जाता है और अधिक बोझ के चलते वह किसानों से दिनभर झुंझलाता देखा जाता है। अधिक बोझ के तले दबे कानूनगो के झुंझलाने से किसान त्रस्त है मंझनपुर तहसील में अन्य तहसीलों से कानूनगो का स्थानांतरण कराए जाने के लिए पूर्व में पत्र भी लिखा गया है डिमांड पत्र भेजे जाने के बाद भी मंझनपुर में पद सृजन के मुताबिक कानूनगो की तैनाती नहीं हो सकी है जिस पर राजस्व के कार्यों का सही ढंग से निस्तारण नहीं हो पा रहा है न परेशान है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं : डीएम

**सम्पूर्ण समाधान दिवस मंझनपुर**

**लेखपाल बजरंगी के लापरवाही बरतने पर डीएम ने नोटिस जारी करने का दिया निर्देश**

**कुल 85 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज जिसमें 22 का मौके पर ही निस्तारण**



संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी व फरियादी।


**कौशाम्बी।** शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिलाधिकारी श्री अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील मंझनपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने शोसल डिस्टेसिंग का पालन करनेए मास्क लगाने एवं भीड़ एकत्रित न होने देने का निर्देश दिया है। तहसील दिवस के अवसर पर लेखपाल बजरंगी के द्वारा कार्यों में लापरवाही एवं सिथिलता बतरते हुए पाये जाने पर जिलाधिकारी ने उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक हैए उन्होने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कर दिए जाने पर शिकायतकर्ता को बार.बार उसी शिकायत के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 85 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज कराये गये जिनमे से 22 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि आज ही अपने विभागों से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए उनकों निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी अभिषेक खरे निवासी मोहल्ला गांधी नगर मंझनपुर के द्वारा विद्युत पोल उसकी जमीन पर लगाने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को जांच कर न्यायोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी राम औतार पुत्र समई निवासी कमालपुर का निवासी हैए प्रार्थी की खतौनी कम्प्यूटर मे दर्ज न होने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसी तरह से प्रार्थिनी शिमला देवी पत्नी राकेश कुमार निवासी ग्राम ओसा के द्वारा गांव की ही दबंग महिला सावित्री देवी पत्नी रामू उर्फ रामचरन के द्वारा अपनी बकरियों को उसके घर एवं खेत पर छोड़कर घर में रखा अन्य एवं खेती को नष्ट कराने व मना करने पर गाली गालौज देने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष मंझनपुर को प्रकरण की जांच कर निस्तारित करने का निर्देश दिया है। तहसील दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में स्वास्थ्य विभागए दिब्यांगजन कल्याण विभागए समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में स्टॉल लगाये गये। जिसमें योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों के द्वारा दिये गये आवेदन पत्र पर तत्काल कार्रवाई करते हुए निस्तारित करने का निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है। डीएम ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को लाभार्थियों के आवेदन पत्रों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीअभिनन्दनए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पीएन चतुवेर्दीए उप जिलाधिकारी मंझनपुर श्री राजेश चन्द्राए तहसीलदार मंझनपुर सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिका रीगण उपस्थित रहे।

### करारी में तीसरे दिन की गई चन्द्रघण्टा की पूजा

**म्योहर कौशाम्बी।** करारी कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में नवरात्र के तीसरे दिन सोमवार को मां चन्द्रघण्टा की विधि–विधान से पूजा की। पंडालो में स्थापित मां दुर्गा के जयकारों से क्षेत्र गूंज रहा है। इस मौके पर लोगो को दुर्गा सप्तशती का पाठ भी करते देखा गया। साल में चार नवरात्र होती है। दो गुप्त नवरात्र होती है। जबकि चैत्रीय व शारदीय नवरात्र के बारे सब लोग जानते है। इसमें भी शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व है। सोमवार को शारदीय नवरात्र का तीसरा दिन था। पंडालो में स्थापित मां दुर्गा की पूजा लोग कोविड 19 का पालन करते हुए विधि–विधान से कर रहे है। सुबह शाम को भक्तों को भीड़ काफी जुट रही है। करारी के सोनारन टोला के भरत मिलाप स्थल में स्थापित मां दुर्गा की पूजा चन्द्र घण्टा के रूप में की गई। पुरोहित राजेश त्रिपाठी ने दुर्गा सप्तशती का पाठ कर प्रवचन किया। इस मौके पर यजमान वृजेश वर्मा उर्फ तोता, कमेटी के अध्यक्ष पंकज वर्मा, मोनू वर्मा, बड़कू केसरवानी, मनोज वर्मा, सैंकी जायसवाल, ऋषि वर्मा, मुकेश वर्मा, मोंटी वर्मा आदि लोग रहे। इसी तरह भैला मकदूमपुर में अलख नारायण तिवारी के दरवाजे पर रखी मां दुर्गा की विधि–विधान से भक्तों ने पूजा की।

# सड़े आलू बीज से कैसे किसानों के खेत में तैयार होगी फसल

**कोल्ड स्टोरेज में ब्यापारियों के सड़ चुकू आलू को खरीद उन्हें बीज की संज्ञा देकर किसानों को आलू बीज बेचने के नाम पर बिभाग ने लूटा**



उद्यान विभाग द्वारा बिक्री किया जा रहा आलू का दृश्य

**कौशांबी।** हमेशा सुर्खियों में रहने वाले उद्यान विभाग ने फिर नया कारनामा खड़ा कर दिया है जिसके चलते किसान के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है गाढ़ी कमाई की रकम उद्यान विभाग में देने के बाद आलू का बीज खरीदने किसान उद्यान विभाग पहुंचते हैं लंबी लाइन और बड़ी मशक्कत के बाद उनका नंबर आता है और पैसा जमा करने के बाद उन्हें बिभाग से रसीद पकड़ा दी जाती है जब रसीद लेकर जब किसान समदा के हिमाद्री कोल्ड स्टोरेज पहुंचते हैं तो वहां उन्हें कोल्ड स्टोरेज मालिकानो द्वारा सड़ा गला घटिया आलू का बीज पकड़ा दिया जाता है जो आलू बाजार में फ्री का भी नहीं बिकेगा उसे आलू का बीज बताकर किसानों को दे दिया जाता है जब किसान आलू लेकर घर जाते हैं तो बोरे खोलने पर सड़ा आलू देखकर उनके पसीने छूट जाते हैं। उद्यान विभाग की नियमों की बात करें तो उद्यान बिभाग के फार्म हाउस में तैयार कराए गए बेहतर क्वालिटी के आलू को शोधन कर उन्हें सुरक्षित रखते हुए बीज तैयार किया जाता है और इन बीजों की बिक्री बिभाग में किसानों को होती है लेकिन उद्यान विभाग के फार्म हाउस में तैयार उच्च क्वालिटी के बीज पहले ही व्यापारियों के गोदामों में बेच किया गया है कोल्ड स्टोरेज में ब्यापारियों के सड़ झुके आलू को खरीद उन्हें बीज की संज्ञा देकर किसानों को आलू बीज बेचने के नाम पर बिभाग में लूटा जा रहा है। उद्यान विभाग से खरीदे गए आलू के बीज से यदि किसानों के खेत में आलू बीज बोने के बाद फसल नहीं तैयार हुई और आर्थिक विकास के चलते किसान ने कोई गलत कदम उठाया तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी उद्यान विभाग हमेशा सुर्खियों में रहा है उद्यान विभाग के भ्रष्ट कारनामे से त्रस्त किसानों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आलू बीज वितरण और बिक्री के नाम पर इस घोटाले की जांच करा कर कार्यवाही की मांग की है। सड़ा गला आलू का बीज उद्यान विभाग से बिक्री किए जाने के बाबत जिला उद्यान अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया है लेकिन उनके नंबर पर बात नहीं हो सकी है वही मुख्य विकास अधिकारी से भी बात नहीं हो सकी है उद्यान विभाग के एक बाबू से भी बात करने का प्रयास किया गया है लेकिन उसने भी बात को टालने का भरसक प्रयास किया है।

## चार सफाईकर्मियों का एक दिन वेतन काटते हुए दी चेतावनी

**अझुवा कौशाम्ब।** नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिशासी अधिकारी पूर्ण सजग है साफ सफाई के मामले में जिले में अझुवा को प्रथम स्थान मिला है आगे भी प्रथम स्थान पर रहे !इसी उद्देश्य से आज सुबह 7 बजे अधिषासी अधिकारी ने औचक निरीक्षण में वार्डो में सफाई कार्यरत की स्थिति जाननी चाही जिस पर वार्ड नं 3 शांति नगर में कार्यरत निर्मला देवी और मालती देवी,वार्ड नं 5 में कार्यरत रामआसरे ,वार्ड नं एक भौंतर मे कार्यरत राजेन्द्र को बिना कारण बताए अनुपस्थिति मिले फोन से जानकारी लेने पर संतोषजनक जवाब नही दे सके जिस पर अधिशासी अधिकारी सूर्यप्रकाश गुप्ता ने एक दिन का वेतन काटते हुए आगे से सजग रहने की उन्हें चेतावनी दी है।

# पेंशनर घर से ही जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन कर पेंशन प्राप्त करें

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री मनोज ने बताया है कि कोविड.19 महामारी के व्यापक संक्रमण की आशंका के द्रष्टिगत कोषागार कौशाम्बी से पेंशन प्राप्त कर रहे वरिष्ठ नागरिक पेंशनरोंध्पारिवारिक पेंशनरों को एत्द द्वारा उत्प्रेरित किया जाता है कि वह अपने कम्प्यूटरए इटरनेट बायोमीट्रिक डिजिटल डिवाइस निकटस्थ सुविधा केन्द्र साइबर कैफे इत्यादि से जीवन प्रमाण वेबसाइट पर चयन करे हुए अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जनरेट कर पद पर इस कोषागार से प्राप्त पेंशनर परिचय पत्र आधार व पैनकार्ड की छायाप्रतियों के साथ संलग्न करते हुए ईमेल करेंए जिसमें संबंधित पेंशनर पारिवारिक पेंशनर से सीधे संपर्क करने योग्य मोबाइल नम्बरए नामए विभाग का नाम व कोषागार इडेक्स संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जनरेट करने कराने हेतु पेंशनर पारिवारिक पेंशनर के निम्नांकित अभिलेख वांछित होंगे। पेंशनर अपना आधार नम्बर कार्ड कोषागार इंडेक्स नम्बर पीपीओ नम्बर पेशन बैंक एकाउण्ट नम्बर आईएफएससी सहित मोबाइल नम्बर उपलब्ध करायें।

यह भी बताया कि पोर्टल व ईमेल से प्राप्त डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र व अन्य सूचनाओं का मिलान कोषागार में उपलब्ध पेंशनर अभिलेख से होने पर वांछित कार्रवाई इस कोषागार द्वारा स्वतः निस्पादित की जायेगी और इस प्रकार पेंशनर पारिवारिक पेंशनर लंबी कष्टप्रदअसुरक्षित यात्रा कर कोषागार आये बिना सुविधा पूर्वक वार्षिक जीवन प्रमाणन कराकर अपनी पेंशन प्राप्त करता रहेगा।

# रिपोर्ट व जांच की मांग पर शव दफनाने से इनकार



शव पेड़ से लटकाने की पुष्टि होन के बाद परिजन शव दफनाने को लेकर बहस करते।

**प्रतापगढ़।** प्रतियोगी छात्र की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने की पुष्टि पोस्टमार्टम में होने के बाद परिजन आरोपितों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। परिजनों ने मंगलवार को आरोपितों पर एफआईआर दर्ज कर कॉपी दिए जाने और मामले की जांच सीबीसीआईडी से कराने की मांग पर शव दफनाने से इनकार कर दिया। हालांकि मौके पर पहुंचे सदर विधायक राजकुमार पाल व एसओ कोहंडौर ने परिजनों को आश्वासन देकर अंतिम संस्कार के लिए राजी कर लिया। अपराह्न करीब तीन बजे शव गांव के ही बाग में दफन किया गया।

कोहंडौर इलाके के भनईपुर निवासी माताप्रसाद वर्मा का पुत्र कन्हैयालाल (21) प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसका शव सोमवार सुबह गांव में नदी किनारे महादेवन मंदिर के पास चिलबिल के पेड़ से लटकता पाया गया। पैर जमीन से छूने और शरीर पर खून देख परिजन पड़ोस के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाने लगे। इस पर पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों को हिरासत में ले लिया। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसकर हत्या का मामला सामने आने के बाद परिजन आरोपितों पर एफआईआर न होने पर आक्रोश जताने लगे। उन्होंने मंगलवार सुबह एफआईआर दर्ज कर उसकी कॉपी देने और मामले की जांच सीबीसीआईडी से करने की मांग पर शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिए। एसओ कोहंडौर राकेश कुमार प्रजापति मौके पर पहुंचे लेकिन परिजन उनकी बात मानने को तैयार नहीं हुए। बाद में सदर विधायक राजकुमार पाल भी मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर पड़ोस के ही रामपाल वर्मा, उसके बेटे प्रकाश, पत्नी रामदुलारी, बेटी माधुरी और दयाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर परिजनों को कॉपी उपलब्ध कराई। विधायक ने सीबीसीआईडी जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का आश्वासन देकर परिजनों को अंतिम संस्कार करने के लिए राजी किया। पूर्व प्रमुख ने रोका शव, विधायक से बहस रू प्रतियोगी छात्र कन्हैयालाल के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों के राजी होते ही पूर्व ब्लॉक प्रमुख शांति सिंह सपा नेताओं के साथ मौके पर पहुंच गईं। शांति सिंह मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग पर शव उठाने का विरोध करने लगीं। मौके पर मौजूद कई अन्य लोग भी उनका समर्थन करने लगे। इस पर सदर विधायक राजकुमार पाल ने आपत्ति जताई तो शांति सिंह से उनकी बहस होने लगी। हालांकि पुलिस व कुछ ग्रामीणों ने विवाद शांत कराया और शव अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा सका। परिजनों ने गांव के बाग में ही शव दफन कर दिया।24 घंटे में होगा नया खुलासा रू प्रतियोगी छात्र कन्हैयालाल वर्मा का पेड़ के सहारे लटकता शव मिलने के बाद ही परिजन पड़ोस के रामपाल वर्मा और उसके परिजनों पर जमीन के विवाद के कारण हत्या करने का आरोप लगाने लगे। ऐसे में पुलिस ने रामपाल, उसकी पत्नी, बेटे और बेटी को हिरासत में ले लिया था। दूसरे दिन उक्त चारों के साथ एक अन्य दयाराम को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस इन लोगों को हत्यारोपित नहीं मान सकी। एसओ राकेश कुमार प्रजापति ने बताया कि तहरीर के अनुसार हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, लेकिन नामजद आरोपित अभी गिरफ्तार नहीं है। उन्हें हिरासत में रखा गया और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि हत्यारे कोई और हैं। इस पर गहनता से छानबीन चल रही है। 24 घंटे के भीतर नया खुलासा कर दिया जाएगा।

### समाधान दिवस में 137 शिकायतें, लापरवाही पर एसडीएम ने जताई नाराजगी

**प्रतापगढ़।** संपूर्ण समाधान दिवस मे यहां एक सौ सैतीस शिकायतें आयी। इनमे सर्वाधिक राजस्व की छप्पन तथा पुलिस की तीस, विकास ग्यारह, शिक्षा एक व अन्य विभागों से जुडी उन्तालिस शिकायतें प्रमुख रही। हालांकि इनमे से अफसर एक भी शिकायतो का मौके पर निस्तारण नही कर सके। ज्यादातर शिकायते जमीनी विवाद व मारपीट की घटनाओं मे पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने से जुडी दिखी। एसडीएम राम नारायण ने शिकायतो की सुनवाई करते हुए मातहतो पर इस बात की नाराजगी जताई कि उनके द्वारा समुचित निस्तारण न किये जाने से शिकायतें दोबारा समाधान दिवस मे आ रही है। उन्होने मातहतो को मौके पर जाकर शिकायतो के निस्तारण कराए जाने के कडे निर्देश दिये। समाधान दिवस का संचालन तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर बीडीओ मुनौवर खॉन, नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा, सीडीपीओ अनुपम मिश्रा, पशुधन विकास अधिकारी डा. सूरज नारायण आदि रहे।

# बाबा बेलखरनाथ धाम के बीडीओ राज्यसूचना आयोग लखनऊ तलब

**जन सूचनाधिकार के तहत बीडीओ से अल्पसंख्यक आबादी के सम्बन्ध में आरटीआई कार्यकर्ता शम्स तबरेज ने मांगी थी सूचना**

**प्रतापगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथ धाम को जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आवेदक आरटीआई कार्यकर्ता एवं पत्रकार शम्स तबरेज को सूचनाएं उपलब्ध न करवाने पर राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ ने गंभीरता से लिया है ।अवांछित सूचना उपलब्ध न कराने पर आरटीआई कार्यकर्ता एवं पत्रकार शम्स तबरेज ने राज्य सूचना आयोग में दिनांक 13 जनवरी 2020 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 18 के अधीन शिकायत की थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए राज्य सूचना आयोग ने जन सूचना उपलब्ध न करवाने पर दिनांक 23 अक्टूबर 2020 को जन सूचना अधिकारीध खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथ धाम को आवेदक द्वारा मांगी गई अवांछित सूचना के साथ माननीय राज्य सूचना आयुक्त कक्ष संख्या 7 के समक्ष हाजिर होने का आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि आरटीआई कार्यकर्ता एवं पत्रकार शम्स तबरेज ने जन सूचना धिकारीध्खण्ड विकास अधिकारी से दिनांक 23 सितंबर 2019 को खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथ धाम से उक्त ब्लॉक की जनसंख्या की प्रतिशत वाइज अल्पसंख्यक आबादी के संबंध में सूचनाएं उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया था किंतु जनसूचना अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आवेदक को मांगी गई सूचनाएं उपलब्ध नहीं करवाई गईं जिसके विरुद्ध आवेदक शम्स तबरेज ने राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ को दिनांक 13 जनवरी 2020 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 18 के अंतर्गत शिकायत की थी।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना मांधाता अंतर्गत अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज शाम 5.30 बजे देल्हूपुर पुलिस चैकी से 100 कदम दूर देल्हूपर बाजार में प्रयागराज से गिट्टी लादकर प्रतापगढ़ की ओर जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से एक अज्ञात बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।दुर्घटना के पश्चात स्थानीय देल्हूपुर पुलिस चैकी से पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक सहित ट्रक चालक को अपने हिरासत में ले लिया एवं घायल युवक को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना के पश्चात दुर्घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। घायल युवक की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### अवैध गांजा के साथ धराया युवक, गया जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर चैकी प्रभारी ने अवैध गांजा समेत एक आरोपी को धर दबोचा है, उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेजा गया है। लालगंज कोतवाली के अंतर्गत लीलापुर चैकी प्रभारी अमित सिंह उन्नीस अक्तूबर की सुबह गस्त पर निकले थे। गस्त के दौरान चैकी प्रभारी को साहबगंज के रामबाबू की बाग में एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया। उन्होने दौड़ाकर युवक को दबोचा और उसकी तलाशी ली गई तो एक किलो दौ सौ ग्राम अवैध गांजा उसके पास से बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपी मुल्तानीपुर का रहने वाला ज्ञानेंद्र है। चैकी प्रभारी अमित सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल ने बताया कि अवैध गांजा के साथ धराए आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

## तमंचे के साथ युवक धराया



पुलिस की गिरफ्त में तमंचे के साथ आरोपी

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना बीती रात लगभग 10रू00 बजे स्थान जाफरपुर मोड़ पर एक युवक संदिग्ध खड़ा दिखा पुलिस को देख कर भागने लगा पार्टी के तेजतर्रार सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह व सब इंस्पेक्टर अनुज यादव साथ में रहे सिपाही प्रशांत कुमार राठी ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। और तलाशी के दौरान एक अदत तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़ा गया युवक, अपना नाम अब्दुल महेबूब उर्फ रुस्तम पुत्र अब्दुल हफीज निवासी ग्राम पिपरी खालसा का रहने वाला बताया है।थाना कंधई द्वारा आर्म एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। विदित हो कि जाफर पुर मोड पर आए दिन सुर्खय़िों में रहा है। लेकिन जब से पुलिस पिकेट बढ़ाया गया है। तब से कंधई चिलबिला रोड पर अपराध थम गया है।

### जमीनी विवाद में एक पक्ष पर समझौते का दबाव डाल रही पुलिस

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में एक पक्ष पर समझौता करने का दबाव डालने का आरोप पुलिस पर लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी अम्बिका पांडेय की पत्नी मिथिलेश पांडेय ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि पड़ोसी से जमीन को लेकर उसका पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि सोलह अक्तूबर को सुबह नौ बजे सांगीपुर के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार हमराहियों के साथ पहुंचे और जमीनी विवाद में समझौता नही करने पर अपशब्द का प्रयोग करते हुए फर्जी मुकदमें में फसाने की धमकी दी। पीड़िता के मुताबिक एसडीएम लालगंज के यहां जमीनी विवाद का मामला लंबित है। महिला ने पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से शिकायत करते हुए न्याय की मांग की है।

# खाद्य सचल दल ने 03 खाद्य प्रतिष्ठानों का नमूना भेजा प्रयोगशाला



खाद्य ुकानों पर नमूना लेते

**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार के आदेश के अनुपालन में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर सिंघाड़े का आटा, कुट्टू का आटा एवं अन्य फलाहार की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व हानिकारक रसायनों द्वारा कृत्रिम रूप में पकाये गये फलों के भण्डारध्विक्रय को प्रतिबन्धित करने के उद्देश्य से तथा आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु अभिहित अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राय नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सचल दल ने आज अठेहा बाजार स्थित रामशरन एण्ड सन्स (मालिक-राम शरन जायसवाल) के प्रतिष्ठान से छुहारा, साबूत, सिंघाड़ा का आटा एवं कुट्टू के आटे का एक-एक नमूना (कुल तीन नमूने), मंगापुर प्रतापगढ़ स्थित दुग्ध अवशीतन केन्द्र (मालिक-संदीप कुमार सिंह) के प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध का एक नमूना व सांगीपुर स्थित भगवानदीन की दुकान से गुड़ का एक नमूना संग्रहित किया। सभी नमूने विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य विश्लेषक की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने फल की दुकानों के निरीक्षण के दौरान फल विक्रेताओं को हानिकारक रसायनों (कार्बाइड) द्वारा कृत्रिम रूप से पकाये गये फलों के भण्डारध्विक्रय न करने का निर्देश दिया गया।